


मैं दो बातों से हैरान हूं। पहली यह कि इस तरह की चीजों में ईमानदार रहने वाले पैट कमिंस की बेवजह आलोचना हो रही है और दूसरी जस्टिन लैंगर की पीआर मशीन काम कर रही है और अधिकांश मामलों में ऐसा मानना रहा है। – इयान चैपल

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, जस्टिन लैंगर का समर्थन कर रहे क्रिकेटरों की आलोचना करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶**

## दिनेश कार्तिक



**दिनेश कार्तिक** अपने मित्र और मार्गदर्शक अभिषेक नायर के मार्गदर्शन में मुंबई में जमकर पसीना बहा रहे हैं जिससे कि टी20 प्रारूप में अपने फिनिशिंग कौशल को निखार सकें। कार्तिक ऐसा इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी करीब होने के कारण नहीं कर रहे। भारत की ओर से आखिरी बार 2019 एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में खेलने वाले 36 साल के कार्तिक तीन-चार साल और खेलना चाहते हैं और खेल के सबसे छोटे प्रारूप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी को लेकर प्रतिबद्ध हैं। कार्तिक भारत के लिए खेलने को लेकर पहले की तरह प्रतिबद्ध हैं।

क्या आप जानते हैं ?... क्रिकेट खिलाड़ियों की आत्म कथाओं की पुस्तक का सबसे छोटा नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर जहीर अब्बास की पुस्तक का है। इसक शीर्षक जेड है।

# अजेय बढ़त बनाने उतरेगा भारत

## वेस्टइंडीज से दूसरा एकदिवसीय आज



अहमदाबाद, 8 फरवरी। हिट मैन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में अजेय बढ़त बनाने के मकसद से उतरेगी। युवा खिलाड़ियों वाली भारतीय टीम अच्छे फॉर्म में दिख रही है।

रविवार को सीरीज के पहले और ओवरऑल 1000वें वनडे मैच में छह विकेट से शानदार जीत ने यकीनन टीम का मनोबल बढ़ाया है, जो पिछली वनडे सीरीज में दक्षिण अफ्रीका से 0-3 की क्लीन स्वीप होने के बाद गिर गया था। पर अब टीम नए कप्तान और नए कोच के साथ मैदान पर नई सोच के साथ उतर रही है। पहले वनडे में टीम ने शिखर धवन, उप कप्तान लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर और अन्य कई सीनियर एवं पहली पसंद के खिलाड़ियों के गैर मौजूदगी के बावजूद अच्छा प्रदर्शन किया था। 22 वर्षीय युवा ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने तीन विकेट लेकर गेंद के साथ अच्छा योगदान दिया। युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने भी दो विकेट लिए।

वहीं अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने भी अच्छी वापसी की और घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट निकाले और 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने। उनके अलावा स्टैंड-इन ओपनर के तौर पर उतरे युवा बल्लेबाज ईशान किशन ने 28 रनों की अच्छी पारी खेली, जबकि सूर्यकुमार यादव और दीपक हुड्डा ने 72 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाते हुए प्लेइंग इलेवन में मिले मौके को अच्छे से भुनाया। दूसरे मैच में उप कप्तान लोकेश राहुल प्लेइंग इलेवन में वापसी करेंगे, जबकि शिखर धवन, श्रेयस अय्यर और अन्य कई खिलाड़ी चयन के लिए उपलब्ध हो सकते हैं, जो पिछले दिनों कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे।

वहीं वेस्ट इंडीज की टीम बात करें तो स्थिर बल्लेबाजी अभी भी उसके लिए सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। शीर्ष क्रम हो या मध्य क्रम ऐसा कोई बल्लेबाज नजर नहीं आ रहा है जो टिक कर खेल पाए और टीम को बड़ा स्कोर बनाने या लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करे। अनुभवी ऑलराउंडर जेसन होल्डर अकेले ही बल्ले और गेंद के साथ संघर्ष करते नजर आ रहे हैं, लेकिन वेस्ट इंडीज टीम प्रबंधन यह समझता है कि सिर्फ वन मैन शो ही उसे सफलता नहीं दिला सकता।

## ऑस्ट्रेलिया टी-20 सीरीज से पहले मेंडिस कोरोना संक्रमित

सिडनी, 8 फरवरी। श्रीलंकाई बल्लेबाज कुशल मेंडिस ऑस्ट्रेलिया में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। वह गुरुवार को टीम के साथ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचे थे, जो 11 फरवरी से सिडनी में शुरू हो रही है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को बताया कि मेंडिस सोमवार को किए गए एक नियमित रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) के दौरान पॉजिटिव पाए गए और फिर बाद में एक आरटी-पीसीआर टेस्ट से इसकी पुष्टि की गई। मेंडिस इस समय कोरोना प्रोटोकॉल के तहत आइसोलेशन में हैं।

## मितालीराज, झूलन एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार

दुबई, 8 फरवरी। भारतीय महिला एकदिवसीय टीम की कप्तान मिताली राज और दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने मंगलवार को आईसीसी की ताजा रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है। भारतीय जोड़ी सूची क्रमशः 738 और 727 अंकों के साथ में दूसरे स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया की एलिसा हीली 742 अंको के साथ बल्लेबाजी रैंकिग के शीर्ष पर हैं। हीली की साथी बैथ मूनी 716 अंक के साथ तीसरे और न्यूजीलैंड की एमी सैटर्थवेट 717 अंक के साथ चौथे पायदान पर हैं। उनके बाद स्मृति मंधाना 710 प्वाइंट के साथ पांचवे स्थान पर काबिज हैं। गेंदबाजी में आस्ट्रेलिया की जेस जोनासन 773 अंको के साथ पहले स्थान पर मौजूद हैं।

## अमेरिकी फिगर स्केटर चेन ने विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

बीजिंग, 8 फरवरी। अमेरिका के मौजूदा एवं तीन बार के विश्व चैंपियन फिगर स्केटर नाथन चेन ने मंगलवार को शीतकालीन ओलंपिक खेलों में 113.97 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं जापान के युमा कागियामा ने 108.12 अंकों के साथ रजत और उनके हमवतन स्केटर शोमा ऊनो ने 105.90 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। चेन ने स्वर्ण जीतने के बाद अमेरिकी प्रसारणकर्ता एनबीसी से बातचीत में कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं। पिछले ओलंपिक में मेरे दोनों छोटे इवेंट उस तरह से नहीं गए थे जैसा मैं चाहता था। स्वर्ण जीत कर सच में अच्छा लगता है। मेरे लिए इसके बहुत मायने हैं।

## राजस्थान स्टेट बॉडी बिल्डिंग 11 फरवरी से कोटा में

जयपुर, 8 फरवरी। राजस्थान स्टेट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा 49वीं मिस्टर राजस्थान स्टेट बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप का आयोजन कोटा के यू.आई.टी. ऑडिटोरियम में 11-12 फरवरी को किया जायेगा। प्रतियोगिता में ओवर ऑल मिस्टर राजस्थान को 51000/- रूपये, रनरअप 21000/, प्रथम रनरअप 11,000/-, बेस्ट पोजर 11000/-, मोस्ट इम्प्रूवर्ड 11000/- सभी 9 भार वर्गा के विजेताओं को 5000/-, 3000/-, 2000/- रूपये दिये जायेगें। मैन्स स्पोटर्स फिजिक की दो वर्गो में विजेताओं को 11,000/-, 7,000/-, 5,000/-, मैन्स फिटनेस फिजिक, मैन्स एथेलेटिक फिजिक, वुमन फिटनैस फिजिक व वुमन मोडल फिजिक के सभी विजेताओं को 11,000/-, 7,000/- व 5,000/- रूपये दिये जायेगें। राजस्थान स्टेट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन यादव ने बताया कि साथ ही 24वीं जूनियर मिस्टर राजस्थान के 6 भार वर्ग, मैन्स स्पोटर्स फिजिक, वूमन फिटनैस फिजिक, वुमन मोडल फिजिक, मास्टर्स व दिव्यांग की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

## जी.आर. एकेडमी जीती

जयपुर, 8 फरवरी। जी.आर. एकेडमी ने 24वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज तीसरे प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में लखन भारती 48 रन व शुभम पटवाल 32 रन नाबाद की शानदार पारियों की बदौलत डायमण्ड क्लब को 3 विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहाँ उसका मुकाबला शुक्रवार को राजस्थान यूथ से होगा।

**संक्षिप्तस्कोर :-** डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी 140 रन 2 विकेट खोकर 20 ओवर में। (कादिर मिर्जा 67 रन नाबाद, अरमान खान 51 रन नाबाद, देव तनेजा 12 रन, रोहित खिंचड़ 13 रन 1 विकेट तथा फरदीन खान 30 रन पर 1 विकेट लेकर जी.आर. एकेडमी की ओर से सफल गेंदबाज रहे।)

जी.आर. क्रिकेट एकेडमी 146 रन 7 विकेट खोकर 19.2 ओवर में। ( लखन भारती 48 रन व शुभम पटवाल 32 रन, दिव्य गजराज 28 रन, कादिर मिर्जा 16 रन पर 2 विकेट, तनवीर खान 16 रन पर 2 विकेट, अरमान खान 19 रन पर 1 विकेट, रवि डांगी 29 रन पर 1 विकेट तथा अशोक लकवार 31 रन पर 1 विकेट लेकर डायमण्ड की ओर से सफल गेंदबाज रहे)

## राम निवास गोलाडा के खेल से जीती अरावली क्लब

जयपुर, 8 फरवरी। अरावली क्लब ने नागर मल खींची की स्मृति में आयोजित जयपुर स्पोर्टस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गये मैच में सबा क्लब को 13 रनों से हराया। एम एस धोनी ग्राउण्ड पर आज खेले गये मैच में अरावली क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजवीर सिंह के 42 रन, राम निवास गोलाडा के 61 रन, कमल गुर्जर के 42 रन, आर्यन भारद्वाज के 24 रन, विकास मीणा के 14 रन व हंसराज रोलानिया के 14 रनों 44 ओवर में 8 विकेट पर 241 रन बनाए। सबा क्लब के लिए तीरथ जैन ने 32 पर 3, सुमित मीणा ने 49 पर 2, अनुज कुमार व अमन सिंह ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी में सबा क्लब की टीम ने एकलव्य शर्मा के 22 रन, अमन सिंह 52 रन, सचिन शर्मा के 16 रन, चिराग दवे के 28 रन, आशीष बडसरा के 51 रन, व अनुज कुमार के 19 रनों की मदद से 44 ओवर में 9 विकेट पर 228 रन ही बना सकी। अरावली क्लब के लिए क्षितिज शर्मा ने 40 पर 3, राम निवास गोलाडा ने 42 पर 3, विकास मीणा व हंसराज ने एक-एक विकेट लिए।

## मोहाली करेगा विराट कोहली के 100वें टेस्ट की मेजबानी

नयी दिल्ली, 8 फरवरी। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली का 100वां टेस्ट पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) स्टेडियम मोहाली में खेला जाएगा। इससे पहले यह टेस्ट बेंगलुरु में खेलने की योजना बनाई गई थी। स्थानीय आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ 14 साल के जुड़ाव के कारण चिन्नास्वामी स्टेडियम कोहली के लिए घरेलू मैदान रहा है।

क्रिकबज के अनुसार, श्रीलंका के खिलाफ पहले से घोषित सीरीज को उलटे क्रम में खेला जा सकता है। सीरीज में दो टेस्ट और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय शामिल हैं। श्रीलंका अपने भारतीय दौरे का आगाज लखनऊ में ट्वेंटी-20 मैच के साथ करेगा। इससे पहले दौरे की शुरुआत टेस्ट के साथ होने वाली थी।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) 24 फरवरी को पहले टी-20 की मेजबानी करेगा। उसके बाद दूसरा और तीसरा टी-20 मैच 26 और 27 फरवरी को धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) स्टेडियम में खेला जाएगा। यूपीसीए और एचपीसीए दोनों के अधिकारियों ने कार्यक्रम की पुष्टि की है। धर्मशाला में टी20 खेलने के बाद दोनों टीमें तीन से सात मार्च तक मोहाली में पहला टेस्ट खेलेंगी, जो भारत के पूर्व कप्तान कोहली का 100वां टेस्ट होगा। दूसरा टेस्ट और अंतिम टेस्ट 12 से 16 मार्च तक बेंगलुरु में होगा। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि चिन्नास्वामी टेस्ट डे-नाइट होगा या नहीं। इस संबंध में न तो भारतीय टीम प्रबंधन और न ही कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने पुष्टि की है।

केएससीए के एक अधिकारी ने कहा, हमें नहीं पता कि यह डे-नाइट टेस्ट है। हम सभी जानते हैं कि यह 12 से 16 मार्च तक होगा। इससे पहले दौरे की शुरुआत बेंगलुरु में टेस्ट मैच के साथ होनी थी, उसके बाद एक टी20 मोहाली में होना था। इसके बाद एक-एक टी20 धर्मशाला और लखनऊ में होने थे। इस बीच श्रृंखला से पहले चयन समिति की बैठक में तारीख को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन अब जब भी चेतन शर्मा की अगुवाई वाली समिति की बैठक होगी, तो रोहित शर्मा को टेस्ट के लिए कप्तान के रूप में भी नियुक्त किया जा सकता है।

## लैंगर चाहते थे कि टीम सम्मान अर्जित करे : बेली

*मेलबोर्न, 8 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया पुरुष क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने जस्टिन लैंगर के टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा देने के बाद उनका समर्थन किया है। यह स्वीकार करते हुए कि पूरा प्रकरण सार्वजनिक नहीं होना जाना चाहिए, बेली ने उन दावों को भी खारिज किया है, जिसमें लैंगर का अनुबंध आगे न बढ़ने के पीछे खुद लैंगर को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। बैली ने कहा कि लैंगर चाहते थे कि टीम सम्मान अर्जित करे।*

*बेली ने मंगलवार को एक बयान में कहा, मुझे लैंगर के लिए बुरा लगा है। बिल्कुल कोई भी इस तरह के व्यवहार का हकदार नहीं है जो सार्वजनिक रूप से सामने आया है। उन्हें अनुबंध विस्तार नहीं मिला और यह आदर्श नहीं है। मैं इस तथ्य के पक्ष में नहीं हूं कि यह उनका फैसला था।*

*चयनकर्ताओं के अध्यक्ष ने ऑस्ट्रेलियाई कोच के रूप में नियुक्त होने के बाद कार्यालय में लैंगर के पहले दिन को भी याद किया, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई लोगों से सम्मान अर्जित करने के महत्व को दोहराया था। बेली ने कहा, उस दिन उन्होंने जिन दो बिंदुओं को स्पष्ट किया मुझे वे याद हैं। लैंगर चाहते थे कि टीम ऑस्ट्रेलिया के लोगों से सम्मान अर्जित करे और वह महान क्रिकेटरों और महान लोगों को विकसित करना चाहता था और मुझे लगता है कि उन्होंने बिल्कुल ऐसा किया है। टीम ने ऐसा किया है।*

*उल्लेखनीय है कि लैंगर के इस्तीफे के बाद उनके कुछ पूर्व साथियों सहित नवनियुक्त टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और अन्य कई मौजूदा खिलाड़ी उनके समर्थन में आए हैं। बेली ने इस बारे में कहा, कई पूर्व खिलाड़ी, जो मीडिया में काम कर रहे हैं, इस बारे में अपनी राय रख रहे हैं, लेकिन एक पूर्व खिलाड़ी के रूप में पूरी तरह से इस बात पर ध्यान देना कि टीम के भीतर क्या हो रहा है, थोड़ा मुश्किल है, इसलिए काफी राय अफवाहों और दूसरे तथा तीसरे इंसान से मिली की जानकारी पर आधारित हो सकती है, इसलिए मैं हमेशा उन खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और क्या हो रहा है, की अच्छी समझ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं।*

## ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान दौरे के लिए टेस्ट टीम घोषित की

मेलबोर्न, 8 फरवरी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को आगामी पाकिस्तान दौरे के लिए अपनी 18 सदस्यीय मजबूत टेस्ट टीम की घोषणा की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उसी के घर पर मजबूत टीम उतारने के मकसद से एशेज सीरीज वाली टीम को ही चुना है, जिसने इंग्लैंड को एकतरफा अंदाज में 4-0 से हराया था। टीम में केवल लेफ्ट आर्म स्पिनर एशटन एगर ही एकमात्र नए खिलाड़ी हैं।

समझा जाता है कि टेस्ट सीरीज खेलने वाली टीम और सपोर्ट स्टाफ के सदस्य इस महीने के अंत में पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे। इसके बाद होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के लिए फिलहाल टीम की घोषणा नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम 1998 के बाद पहली बार पाकिस्तान का दौरा करेगी।

18 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम : पैट कमिंस (कप्तान), स्टीवन स्मिथ (उप कप्तान), डेविड वार्नर, मार्कस हैरिस, मार्नस लाबुशेन, ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड, एशटन एगर, स्कॉट बोलैंड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मिचेल मार्श, मिचेल नेसर, मिचेल स्वेपसन।

## रणजी ट्रॉफी में अपनी खोई फॉर्म पाने उतरेंगे रहाणे और पुजारा

अहमदाबाद, 8 फरवरी। पिछले कुछ समय से फ़ॉर्म के लिए जूझ रहे भारत के अनुभवी टेस्ट बल्लेबाज़ चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्या रहाणे आगामी रणजी ट्रॉफ़ी सीज़न में खेलते नज़र आएंगे। पुजारा का नाम सौराष्ट्र की टीम में है, जिसकी कप्तानी जयदेव उनादकट करेंगे। वहीं रहाणे, पृथ्वी शॉ की नेतृत्व वाली मुंबई टीम का हिस्सा हैं। पिछले काफ़ी समय से पुजारा और रहाणे के बल्ले से बड़े रन नहीं निकले हैं, जिसकी वजह से उन पर सभी की निगाहें है और दोनों पर टेस्ट टीम से बाहर होने के बादल मंडरा रहे थे। रहाणे ने दिसंबर 2020 में ऑस्ट्रेलिया ख़िलाफ़ मेलबोर्न में अपना पिछला टेस्ट शतक लगाया था, वहीं पुजारा ने इसी टीम के ख़िलाफ़ पिछला शतक लगाया था लेकिन वह तीन साल पहले सिडनी की बात है।

इसके बाद से रहाणे ने 27 पारियों में केवल 20.25 के औसत से 547 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 67 है। इस दौरान उनकी करियर औसत 43 से गिरकर 39 पर आ गई है। पुजारा की फ़ॉर्म इतनी नहीं गिरी है लेकिन उनके पिछले स्कोर सहित इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के ख़िलाफ़ दो शून्य ने उनका केस भी बिगाड़ दिया है।

अपने पिछले शतक के बाद से पुजारा ने 48 पारियों में 27.38 के औसत से 1287 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर इंग्लैंड के ख़िलाफ़ 91 रन रहा। इस दौरान उनकी करियर औसत भी 47 से 44.25 पर आ गई। सौराष्ट्र और मुंबई दोनों ग्रुप डी में ओडिशा और गोवा के साथ मौजूद हैं और वे अपने लीग मैच अहमदाबाद में खेलेंगे। सौराष्ट्र अभी एससीए स्टेडियम में ट्रेनिंग कर रही है और गुरुवार की शाम को अहमदाबाद पहुंचेगी।

कोविड 19 महामारी के कारण रणजी ट्रॉफ़ी का पिछला सीज़न आयोजित नहीं हो पाया था और इस बार भी यह दो चरणों में होगा, एक आईपीएल से पहले और दूसरा आईपीएल के बाद। पहले यह सीज़न 13 जनवरी को शुरू होने वाला था लेकिन तीसरी लहर को देखते हुए इसको स्थगित कर दिया गया था।

**मुंबई की टीम :** पृथ्वी शॉ (कप्तान), अजिंक्या रहाणे, यशस्वी जायसवाल, आकर्षित गोमेल, अरमान जाफ़र, सरफ़राज़ ख़ान, सचिन यादव, आदित्य तारे (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अमन ख़ान, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, प्रशांत सोलंकी, शशांक अत्तरड़े, धवल कुलकर्णी, मोहित अवस्थी, प्रिंस बदियानी, सिद्धार्थ राउत, रॉस्टन डियास, अर्जुन तेंदुलकर।

**सौराष्ट्र की टीम :** जयदेव उनादकट (कप्तान), चेतेश्वर पुजारा, शेल्डन जैक्सन, अर्पित वासवदा, चिराग जानी, कमलेश मकवाना, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, चेतन सकारिया , प्रेरक मांकड़, विश्वराजसिंह जडेजा, हार्विक देसाई, केविन जीवराजानी, कुशांग पटेल, जय चौहान, समर्थ व्यास, पार्थकुमार भूत, युवराजसिंह चुडासमा, देवांग करामता, स्नेल पटेल, किशन परमार, आदित्य जडेजा

## आईपीएल नीलामी से बाहर हुए स्टोक्स के लिए टेस्ट क्रिकेट पहली प्राथमिकता

लंदन, 8 फरवरी। इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा है कि उन्होंने इस सप्ताहांत में होने वाली आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी से खुद को बाहर रखने का विकल्प इसलिए चुना है, क्योंकि टेस्ट क्रिकेट उनकी पहली प्राथमिकता है। स्टोक्स ने ब्रिटेन के एक राष्ट्रीय दैनिक अखबार के कॉलम में लिखा कि उन्होंने इस बारे में काफी सोचा कि उन्हें नीलामी में हिस्सा लेना चाहिए या नहीं, लेकिन अंततः उन्होंने फैसला किया कि काउंटी चैंपियनशिप क्रिकेट खेलने से उन्हें और इंग्लैंड की टीम को लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि जो रूट, सैम करेन और क्रिस वोक्स के साथ स्टोक्स आईपीएल नीलामी में शामिल न होने वाले इंग्लैंड के मल्टी-फॉर्मेट खिलाड़ियों में से एक हैं, हालांकि जॉनी बेयरस्टो, डेविड मलान और मार्क वुड सहित अन्य खिलाड़ी नीलामी में शामिल होंगे। आईपीएल में चुने गए इंग्लैंड के किसी भी टेस्ट खिलाड़ी को शायद इस आईपीएल सीजन के अंतिम दौर में घर वापस लौटना पड़े।

## ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को महिला एशेज वनडे सीरीज में 3-0 से किया क्लीन स्वीप

मेलबोर्न, 8 फरवरी। कप्तान मैग लैनिंग (57) के नाबाद अर्धशतक और युवा तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड (31 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को यहां महिला एशेज सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे मैच में इंग्लैंड को एकतरफा अंदाज में आठ विकेट से हरा कर उसे 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया।

मेहमान टीम इंग्लैंड ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की घातक गेंदबाजी के आगे वह 49.3 ओवर में महज 163 रन पर ही ढेर हो गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष क्रम के चारों बल्लेबाजों की शानदार पारियों की बदौलत 36.2 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बना कर मैच और सीरीज जीत ली।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मैग लैनिंग ने सात चौकों और एक छक्के के सहारे 70 गेंदों पर 57 रन की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि विकेटकीपर एलिसा हीली ने छह चौकों की मदद से 56 गेंदों पर 42, राचेल हेन्स ने चार चौकों की बदौलत 46 गेंदों पर 31 और एलिस पेरी ने तीन चौकों और एक छक्के के सहारे 46 गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाए।

उनके अलावा मेगन शट्ट ने दो, एलिस पेरी, ताहलिया मैकग्राथ, अलाना किंग और जेस जोनासन ने एक-एक विकेट लिया। इंग्लैंड के लिए सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट ने तीन चौकों और एक छक्के के सहारे 101 गेंदों पर सर्वाधिक 50 और नताली साइवर ने दो चौकों की मदद से 95 गेंदों पर 46 रन बनाए।

## रणजी ट्रॉफी में प्रत्येक टीम में होंगे कम से कम 20 खिलाड़ी

नयी दिल्ली, 8 फरवरी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने फैसला किया है कि रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम में 30 से अधिक सदस्य नहीं होने चाहिए और टीम में कम से कम 20 खिलाड़ी होने चाहिए। इसके साथ ही सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों की संख्या को 10 तक सीमित कर दिया गया है। बीसीसीआई ने कोरोना महामारी की स्थिति को देखते हुए सभी टीमों को दो रिजर्व खिलाड़ी रखने की अनुमति भी दी है। बीसीसीआई ने 17 फरवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट से पहले मंगलवार को सभी राज्य क्रिकेट संघों को इसकी जानकारी दी।

## किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं : सूर्यकुमार

अहमदाबाद,8 फरवरी। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि उनके लिए पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी करना कोई मुद्दा नहीं है। वह टीम के लिए किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं। भारत नौ फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वेस्टइंडीज के साथ दूसरा एकदिवसीय मैच खेलेगा। सूर्यकुमार यादव में वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कह, हां, मैने तीन,चार और पांच नंबर पर बल्लेबाजी की है। मैं किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी कर सकता हूं। जब भी टीम प्रबंधन मुझसे बल्लेबाजी के लिए कहेगा, मैं उपलब्ध रहूंगा।

गौरतलब है कि भारत के 1000वें और सीरीज के पहले मैच में भारत ने रोहित शर्मा के नेतृत्व में वेस्ट इंडीज को छह विकेट से हराया था। उन्होंने कहा,पहले मैच में भारतीय टीम ने हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया था। तो मैं गेंदबाजी करुंगा। जब उनसे पूछा गया कि अगर उन्हें श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट टीम के लिए चुना जाता है, तो क्या वह मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी खेलेंगे, तो उन्होंने कहा कि बिल्कुल, मुझे रेड बॉल क्रिकेट खेलना पसंद है। मैं जब भी फ्री होता है, मैं टेस्ट क्रिकेट खेलता हूं। मैं भारत के लिए भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं।



**जयपुर। पोलो सत्र में मंगलवार से शुरू हुए महाराजा सवाई मानसिंह गोल्डवास कप के उद्घाटन मैच में बेदला पोलो ने कृष्णा पोलो को 8 के मुकाबले साढ़े 9 गोल से हराया। कैवलरी मैदान पर खेले गये मैच में आधे गोल के लाभ के साथ उतरी बेदला पोलो के लिए भवानी सिंह कालवी ने चार, लॉस वाटसन ने तीन और राव हिम्मत सिंह बेदला ने दो गोल किये। कृष्णा पोलो के लिए सिद्धांत शर्मा ने 6 और कर्नल रवि राठौड़ ने दो गोल किये। बुधवार को तीन मैच खेले जायेंगे।**

## टी-20 विश्वकप : महज 5 मिनट में बिके भारत-पाक मैच के टिकट

मेलबर्न, 8 फरवरी। भारत और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप मैच के टिकट पांच मिनट के भीतर बिक गए। यह टूर्नामेंट इस साल 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच खेला जाएगा। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के मुताबिक सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में भारत के दूसरे ग्रुप मैच के टिकट भी सोमवार को बिक गए, हालांकि इस मैच के लिए भारत के प्रतिद्वंदियों का फैसला होना बाकी है। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया में सात स्थानों पर होने वाले टी20 विश्व कप के टिकट सोमवार से आम जनता के लिए बिक्री के लिए उपलब्ध हो गए। इस संबंध में टूर्नामेंट के सीईओ मिशेल एनराइट ने कहा,हम जानते हैं कि अब तक टिकट खरीदार मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया के रहे हैं।

## जीत रखेगी चेन्नइयन और गोवा की प्लेऑफ उम्मीदों को जिंदा

वास्को, 8 फरवरी। एफसी गोवा और चेन्नइयन एफसी हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 में शीर्ष चार की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए बुधवार को वास्को डे गामा स्थित तिलक मैदान स्टेडियम में खेले जाने वाले करो या मरो मुकाबले में भिड़ेंगे।

मुंबई सिटी एफसी से हारने के बाद चेन्नइयन अंक तालिका में आठवें स्थान पर लुढ़क गई है। पूर्व चैम्पियनों के 15 मैचों में 19 अंक हैं। उससे एक पायदान नीचे गोवा नौवें स्थान पर है। वो पिछले पांच मैचों से जीत से दूर है और उसके 15 मैचों में 15 अंक हैं। गोवा को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अपने शेष पांचों मैच जीतने होंगे।

ये दोनों ही टीम जानती हैं कि उनकी किस्मत एक बारीक धागे पर अटकी हुई है और बुधवार को जीत उनके ऊपर चल रही टीमों को चुनौती देने के लिए जरूरी है। इस सीजन में ये दोनों ही टीमें गोल करने के लिए संघर्ष कर रही है और इसका मूल कारण अपने अवसरों को गोल में बदलने में असमर्थता है। गोवा और चेन्नइयन का गोल करने का औसत सबसे खराब (6.95) है और इस मामले में गोवा (8.12) दूसरी खराब टीम है। इस सीजन में अब तक 20 गोल से कम दागने वाली चार टीमों में ये दोनों शामिल हैं।

चेन्नइयन के कोच बोजिदार बांदोविक ने कहा, "हमें कोशिश करते रहने की जरूरत है। पिछले मैच में हमने अपने पैरों में गेंद के साथ और बिना किसी दबाव के बहुत सारी गलतियां कीं। लेकिन हमने अच्छी चीजें भी कीं और लड़कों ने मैदान पर सबकुछ झोंक दिया।" कोच ने बताया, "चेन्नइयन को अगले मैच में डिफेंडर साजिद धोत और फॉरवर्ड व्लादिमीर कोमान की सेवाएं नहीं मिलेंगी। ये वो खिलाड़ी हैं, जो अगला मैच नहीं खेलेंगे।"

ये दोनों टीमें ही गोल करने के लिए अपने विदेशी खिलाड़ियों पर बुरी तरह से निर्भर रही है और दोनों तरफ भारतीयों को भी अच्छा करने की जरूरत है। गोवा के कोच डेरिक परेरा ने कहा, "अब हम प्रार्थना कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि परिणाम हमारे पक्ष में आएंगे।"